Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding malnutrition in women and child of Schedules Caste and Schedule Tribe people.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । मैं एक महत्वपूर्ण विषय 'कुपोषण' को आपके माध्यम से इस सदन में उठाना चाहता हूं । मैं यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी का बहुत आभारी हूं कि जब वे गुजरात के मुख्य मंत्री थे तब से उन्होंने कुपोषण के मुद्दे को एड्रेस किया है । आज भारत सरकार और महिला बाल कल्याण मंत्रालय पोषण अभियान के द्वारा बहुत ही अच्छी तरह से कुपोषण के मुद्दे को एड्रेस कर रही है । लेकिन, अभी हाल ही में कम्प्रिहेंसिव नेशनल न्यूट्रिशन सर्वे, 2019 की रिपोर्ट पब्लिश हुई है । उस रिपोर्ट में बताया गया है कि कुपोषण की मात्रा अनुसूचित जाति की महिलाओं और बच्चों में ज्यादा है और कुछ प्रदेशों में अधिक है । मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस मुद्दे पर ध्यान दिया जाए, क्योंकि कुपोषण महिलाओं और बच्चों में ज्यादा है । उनमें मिनरल्स एवं विटामिन्स की कमी है । इस कमी को दूर करने के लिए उन्हें दूध और अन्य फूड सप्लिमेंट्स दिये जाएं ।

महोदय, मैं एक बार पुन: अनुरोध करता हूं कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों में जो कुपोषण की समस्या है, इन दोनों वर्गों को एड्रेस करके इस मुद्दे को वहां एक अभियान की तरह उठाया जाए । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को डॉ. किरिट पी. सोलंकी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक): महोदय, लास्ट सैशन में भी ऐसा ही हुआ था और मेरा नाम लिस्ट में नहीं आया था ।

माननीय अध्यक्ष : इस बार ऐसा नहीं होगा ।